D-15417

D-15417

M. A. (Part - II) Examination

June / July – 2015

Hindi : Paper - VII

(हिन्दी रचनाकारों का विशेष अध्ययन)

Time : 3 Hours] [Total Marks : 100

1 'नागमती विरह वर्णन हिन्दी साहित्य की श्रीनिधि है ।' – चर्चा कीजिए । 15

अथवा

1 'सरोज–स्मृति' हिन्दी का सर्वश्रेष्ठ शोक गीत है ।' – सिद्ध कीजिए । 15

2 'काव्य की आत्मा' निबन्ध में शुक्लजी ने कविता के विभिन्न तत्वों की क्या विशेषताएँ बताई है ? – चर्चा कीजिए । 15

www.mkbuonline.com

अथवा

2 'अन्धेरनगरी' में समकालीन पतनशील सामन्ती शासन व्यवस्था की अन्धेरगर्दी का न सिर्फ वर्णन है बल्कि वर्तमान अन्धेरगर्दी का संकेत भी है । – चर्चा कीजिए । 15

3 किन्हीं तीन की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 30

(1) "देश और जाति की विशुद्ध संस्कृति केवल बात की बात है । सब–कुछ में मिलावट है, सब–कुछ अविशुद्ध है । शुद्ध है केवल मनुष्य की दुर्दम जिजीविषा ।"

(2) "अगर दोनों साधु होते तो उन्हें संतोष और धैर्य के लिये संयम और नियम की कोई जरुरत न होती । यह तो उनकी प्रकृति थी ।"

(3) "मेरा मुझमैं कछु नहीं, जो कछु है सो तेरा ।
तेरा मुझकौं सौंपतां, क्या लागै मेरा ॥"

(4) "अगहन दिवस घटा, निसि बाढ़ी, दुभर रैनि जाइ किमि गाढ़ी ।
अब धनि विरह दिवस भा राती, जरौं विरह जस दीपक बाती ।"

(5) "तुम करो ब्याह, तोड़ता नियम
मैं सामाजिक योग के प्रथम;
लग्न के पढ़ूँगा स्वयं मंत्र
यदि पण्डितजी होंगे स्वतंत्र ।"

4 किन्हीं पाँच लघु–उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 20

(1) 'सरोज–स्मृति' का भाव–पक्ष ।

(2) सूरदास का वात्सल्य रस ।

(3) 'अन्धेरनगरी' शीर्षक की सार्थकता ।

(4) 'विनय–पत्रिका' में व्यक्त कलियुग का वर्णन ।

(5) 'अशोक के फूल' में व्यक्त मानवतावादी दृष्टिकोण ।

(6) 'कफन' कहानी का उद्देश्य ।

(7) 'तितली' उपन्यास का नायक ।

5 निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 20

(1) सिंहलद्वीप के राजा का नाम क्या था ?

(2) अशोक के फूल कितने प्रकार के होते है ?

(3) पद्मावती के चरणों का स्पर्श करके मानसर कैसा हो गया ?

(4) 'साहित्य लहरी' के रचयिता का नाम बताइए ।

(5) "जसोदा हरि पालने झुलावै" – पंक्ति में कौन–सा रस है ?

(6) 'लोकनायक' किस कवि को कहा जाता है ?

(7) हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ निबन्धकार कौन है ?

(8) 'कफन' कहानी के मुख्य पात्रों के नाम लिखिए ।

(9) 'कठिन काव्य का प्रेत' किस कवि को कहा गया है ?

(10) सूरदास के गुरू कौन थे ?

(11) तुलसीदास के बचपन का नाम क्या था ?

(12) मध्ययुग में प्रतिरोध का सबसे ऊँचा स्वर किसका था ?

(13) 'कंकाल' उपन्यास किसका है ?

(14) कविता मानव–हृदय को किस दशा तक पहुँचा देती है ?

(15) बुधिया की मृत्यु कैसे हुई ?

(16) जायसी का जन्म किस जिले में हुआ था ?

(17) निराला की 'व्यक्तिपरक' रचना कौन–सी है ?

(18) कबीर किस दार्शनिक मत से सम्बन्धित थे ?

(19) पद्मावत में चितौड़ के लिए क्या प्रतीक है ?

(20) आ. शुक्लजीने 'जीवनोत्सव का कवि' किसे माना है ?

www.mkbuonline.com